CBSE Class – 4 Hindi

NCERT Solutions

रिमझिम पाठ- 6. नाव बनाओ नाव बनाओ

<u>कविता से</u>

क्या कहते? मेरे क्या बस का?

(क) भैया ने क्या बहाना किया? क्यों?

उत्तर- भैया ने बहाना बनाया कि नाव बनाना मेरे बस का काम नहीं है| इसका कारण यह था कि भैया को बाज़ार से कागज़ लाकर नाव बनानने में आलास आ रहा था|

बूँदों-लहरों लड़ती-बढ़ती|

(ख) कौन बूँदों और लहरों से लड़ते हुए आगे बढ़ रही है?

उत्तर- कागज़ की नाव बूँदों और लहरों से लड़ते हुए आगे बढ़ रही है|

गुल्लक भारी, अपनी खोलो|

(ग) किसकी गुल्लक भारी है? किसकी गुल्लक हल्की है?

उत्तर- भैया की गुल्लक भारी है| तथा बच्चे की गुल्लक हल्की है|

<u>नाव की कहानी</u>

एक बार फिर से कविता पढ़ो| इस कविता में एक नाव के बनने और पानी में सफाई करने की कहानी छिपी है| मान लो तुम ही वह नाव हो| अब अपनी कहानी सबको सुनाओ|

शुरूआत हम कर देते हैं|

मैं एक नाव हूँ| मैं कागज़ से बनी हूँ| मुझे एक लड़के ने बनाया

उसका नाम तो मुझे नहीं पता पर ....

उत्तर- .... वह मेरे बनने पर बहुत ही खुश हो गया| रिमझिम-रिमझिम बारिश हो रही थी| चारों ओर पानी भर चुका था| उसने मुझे पानी में छोड़ दिया| मैं पानी की लहरों के सहारे आगे बढ़ रही थी| तभी बहुत तेज बारिश होने लगी| मैं पूरी तरह भीग गई और बिजली के एक खंभे के पास जा कर रुक गई|

<u>आह! बारिश!</u>

तुमने बरसात पर पहले भी कभी कोई कविता या लोकगीत सुना होगा| उसे नीचे दी गई जगह पर लिखो|

उतर- वर्षा आई

वर्षा आई..... वर्षा आई......|

रिमझिम-रिमझिम वर्षा आई|

घने-काले बादल आए,
उमड़-घुमड़ कर नभ पर छाए|
मोर नाचने लगे मस्त हो
मेंढक ने भी गीत सुनाए|
नभ बिजली लगी चमकने,
सोंधी धरती लगी महकने|
रंग-बिरंगी नाव चल पड़ी
चंचल-सी लहरों पर बहने|
धारती पर भी हरियाली छाई
रिमझिम-रिमझिम वर्षा आई|

प्रश्न- इस कविता को पढ़ते समय तुम्हारे मन में कोई चित्र आए होंगे| उनके बारे में बताओ उनका चित्र बनाओ|
उत्तर- इस कविता को पढ़ते समय हमारे मन में कागज़ की नाव, बरसात के दिन तथा बचपन में खेलकूद के चित्र आते हैं|

<u>सचमुच</u>
प्रश्न- पानी सचमुच खूब पड़ेगा|
सचमुच का इस्तेमाल करते हुए तुम भी दो वाक्य बनाओ|
उत्तर- (क) **सचमुच** बादल घिर आए हैं|
(घ) **सचमुच** पानी जमकर बरसा|

<u>सात समुंद्र</u>
घिर-घिर कर बादल छाया है,
सात समुन्दर भर लाया है|
(क) पता करो, सात समुंद्र कौन-कौन से होंगे जिनसे बादल पानी भरकर लाया है|
उत्तर- 1. हिन्द महासागर,
2. प्रशांत महासागर,
3. अटलांटिक महासागर,
4. उत्तरी ध्रुव महासागर,
5. दक्षिणी ध्रुव महासागर,
6. अरब सागर,
7. बंगाल की खाड़ी

(ख) क्या सचमुच बारिश के बादल समुंद्र से पानी लाते है? वे इतना सारा पानी कैसे लाते होंगे? आपस में बातचीत करके पता

करो|

(तुम इस काम में बड़ों की या किताबों की मदद भी ले सकती हो|)

उत्तर- हाँ, बारिश के बादल सचमुच समुंद्र से पानी लाते हैं| सूरज की गर्मी से समुद्र का पानी भाप बनकर आकाश में चला जाता है| वहाँ इकट्ठी हुई भाप धीरे-धीरे ठंडी होकर पानी की बूँदो की शक्ल ले लेती है| वही बूँदे बादल का रूप लेकर पानी बरसाने लगती है|

<u>तरह-तरह की नावें</u>

तुम कागज से कितनी तरह की नाव बना सकते हो? बनाकर कक्षा दिखाओ| उनमें से किसी एक के बारे में लिखकर बताओ कि तुमने वह कैसे बनाई?

उत्तर- कागज की नाव बना कर विद्यार्थी अपनी कक्षा में दिखाएँ|

<u>आई बरसात</u>

(क) बरसात के दिनों में अक्सर घरों के दरवाजे और खिड़कियों से पानी की बौछार आ जाती है| कभी-कभी छत से पानी टपकने लगता है, सीलन भी आ जाती है| ऐसी स्थितियों से निपटने के लिए तुम्हारे घर में क्या-क्या किया जाता है?

उत्तर- जब हमारे घर के दरवाजे और खिडकियों से पानी की बौछार आती है, तब हम सारे दरवाजे खिड़कियाँ बंद कर लेते हैं| जब छत से पानी टपकता है प्लास्टिक बिछा दिया जाता है बाद में टपकने वाली या सीलन वाली जगह की मरम्मत कराई जाती है|

(ख) बारिश के मौसम में गलियों और सड़कों पर भी पानी भर जाता है| तुम्हारे मोहल्ले और घर के आस-पास बारिश आने पर क्या-क्या होता है? बताओ|

उत्तर- हमारे मोहल्ले और घर के आस-पास बाहर जाने पर सारी गलियाँ पानी से भर जाती है| थोड़ी देर में पानी सीवर में बह जाता है|

<u>काम वाले शब्द</u>

(क) पिछले साल रिमझिम में तुमने पढ़ा था कि बनाना काम वाला शब्द होता है| काम वाले शब्द ों को क्रिया कहते हैं| इस कविता में ढ़ेर सारी क्रियाँए या काम वाले शब्द आए है| उन्हें छाँटो और नीचे लिखो|

उत्तर- आना, घिरना, छाना, लाना, पड़ना, भरना, धरना, लहराना, खोलना, टटोलना, चलाना, अड़ना, लड़ना, बढ़ना, गढ़ना, हर्षाना

(ख) तुमने जो क्रियाएँ छाँटी हैं, वर्णमाला के हिसाब से उनके आगे 1,2,3 आदि लिखकर उन्हें क्रम में लगाओ|

उत्तर- 1. अड़ना,

2. आना,

3. खोलना,

4. गढ़ना,

5. घिरना,

6. चलाना,

7. छाना,
8. टटोलना,
9. धरना,
10. पड़ना,
11. बढ़ना,
12. भरना,
13. लड़ना,
14. लहराना,
15. लाना,